दैनिक जागरण 02/03/2023

# दुनिया को बचाने के लिए वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। ● विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के बाटनी और जूलाजी विभाग व इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन रोहतक चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में इंटर कालेज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डा.. रोहित दत्त की देखरेख में किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय दुनिया को बचाने के लिए वन्यजीवों को बचाए रहा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में इस विषय के प्रति जागरूकता करना था। इस प्रतियोगिता में अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र के साथ-साथ अन्य जिलों के कालेज से लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी दी।